# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com,


पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0 / 1311 / 2025 दिनांकः– 26 जून, 2025

## कार्यालय ज्ञाप

एत्‌दद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय के प्रवेश सूचना पत्र आर0एम0पी0यू0 / 908 / 2025 दिनांक 05.05.2025 के द्वारा समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों एवं स्नातक स्तर के सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा में सत्र 2025–26 में प्रवेश हेतु जो पंजीकरण दिनांक 05.05.2025 में प्रारम्भ हुए थे। पंजीकरण करने की अन्तिम तिथि 30 जून, 2025 निर्धारित की गई है। समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने संस्थान में अध्ययन के इच्छुक छात्रों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा इस दिशा में अपेक्षित गंभीरता नही बरती जाती है अथवा पंजीकरण की प्रक्रिया में लापरवाही पाई जाती है, तथा पोर्टल बन्द हो जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य / प्राचार्या को निर्देशित किया जाता है कि वह महाविद्यालय में प्रवेश हेतु दिनांक 30 जून, 2025 तक निर्धारित समय–सीमा के भीतर समर्थ पोर्टल पर अधिक से अधिक पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। अन्तिम तिथि तक समर्थ पोर्टल पर प्रवेश पंजीकरण हेतु महाविद्यालय / संसथान की वेबसाइट / सोशल साइट एवं स्थानीय समाचार पत्र के माध्यम से भी प्रचार प्रसार कराना सुनिश्चित करें।

प्रवेश पंजीकरण हेतु समर्थ पोर्टल लिंक **https://rmpssuadm.samarth.edu.in/**

25-06-2025

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–**

1. प्राचार्य / प्रचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह वि0वि0, अलीगढ़।
2. निजी सचिव, मा0 कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी वेबसाइट
5. गार्ड फाईल।

**कुलसचिव**

RT

Scanned with OKEN Scanner